हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार, 6 अगस्त 2025

11 ब्लॉक स्तरीय खेलों में दिखाई प्रतिभा



12 छात्र परिषद अलंकरण समारोह



## खबर संक्षेप

### जहरीले जीव के काटने से श्रमिक की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव जाखोदा में किसी जहरीले जीव के काटने से एक प्रवासी श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान करीब 25 वर्षीय विनोद के रूप में हुई है। विनोद मूल रूप से मध्य प्रदेश का रहने वाला था। अभी कुछ समय पहले ही रोजगार के सिलसिले में यहां आया था। फिलहाल जाखोदा में रह रहा था और पावर हाउस में मजदूरी कर रहा था। देर शाम को उसको किसी जहरीले जीव ने काट लिया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। साथियों ने उसको संभाला और बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में लेकर गए। उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### सट्टा खाईवाली करते दो आरोपी काबू, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** स्थानीय पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से सट्टा खाईवाली करते हुए दो आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, पहली कार्रवाई स्पेशल स्टाफ झज्जर की टीम ने लाइनपार में की। यहां जटवाड़ा का निवासी दीपक पकड़ा गया। उससे 1190 रुपये व सट्टा पर्चियां बरामद की गईं। वहीं दूसरी कार्रवाई में शहरी क्षेत्र से खरेती को पकड़ा गया। उसके पास से भी पर्चियां और रुपये बरामद हुए। संबंधित थानों में इनके खिलाफ केस दर्ज हुए हैं।

### दो मकानों से नकदी फोन व आभूषण चोरी

**बहादुरगढ़।** शहर में चोरी की वारदात तेजी से बढ़ रही हैं। अब लाइनपार के शंकर गार्डन में एक ही रात में दो मकानों में चोरी हो गई। मकानों से हजारों रुपये की नकदी, आभूषण व मोबाइलों पर हाथ साफ किया गया है। लाइनपार थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।वारदात अंजलि और शांति के मकान में हुई है। शिकायतकर्ता अंजलि का कहना है कि वह प्राइवेट टीचर है। दो दिन से दिल्ली स्थित अपनी रिश्तेदारी में गई हुई थी। पीछे से मकान में कोई नहीं था। ताला लगाया गया था। इसी दौरान चोरों ने मकान को निशाना बना लिया। सोमवार को मकान पर आए तो गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर देखा तो कमरों में सारा सामान अस्त व्यस्त था। जांच करने पर दो मोबाइल, तीन हजार रुपये, सोने की अंगूठी, बालियां, चांदी की पायल, चुटकी आदि नहीं मिले। आसपड़ोस में पूछताछ की तो इस दौरान सामने आया कि पड़ोसी महिला शांति के मकान में भी वारदात हुई है। उसके मकान से तीन मोबाइल, सोने का लॉकेट और छह हजार रुपये चुराए गए हैं।

# सड़क हादसे में जान गंवाने वाले पुलिस जवान संजय व अमित को राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

■ अंतिम यात्रा के दौरान पुलिस के उच्चाधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

बीते रविवार यूपी के जिला हमीरपुर में हुई सड़क दुर्घटना में काल का ग्रास बने गुरुग्राम पुलिस के दो जवानों को मंगलवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनकी अंतिम यात्रा में पुलिस के उच्चाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। सब इंस्पेक्टर संजय का अंतिम संस्कार जहां उनके पैतृक गांव तुम्बाहेड़ी में किया गया वहीं सिपाही अमित कुमार का अंतिम संस्कार शहर के सीताराम गेट स्थित रामबाग में किया गया। पुलिस के उच्च अधिकारियों ने दोनों की चिताओं पर पुष्प चक्र अर्पित करते हुए पुलिस की सलामी गारद ने बंदूकें झुकाकर अमर जवानों को अंतिम सलामी दी। बता दें कि संजय और अमित कुमार की उत्तर प्रदेश के जिला हमीरपुर में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर रात करीब साढ़े नौ बजे राठ थाना क्षेत्र में हुए हादसे में मौत हो गई थी जबकि गुरुग्राम पुलिस के सहायक उप निरीक्षक इंद्रजीत और हवलदार राजेश गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

■ यूपी के हमीरपुर में सड़क दुर्घटना में दोनों की जान चली गई थी



झज्जर। अमित को अंतिम सलामी देते हुए पुलिस गारद।

### रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई थी पुलिस की गाड़ी

दुर्घटना में पुलिस की सरकारी गाड़ी और रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर हो गई थी जिसके बाद घायलों को यूपी के उरई मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए ले जाया गया था। एसआई संजय और सिपाही अमित गुरुग्राम पुलिस की सीआईए में तैनात थे।



### फुटबॉल के बेहतरीन खिलाड़ी थे सब इंस्पेक्टर संजय



तुम्बाहेड़ी गांव के सरपंच प्रतिनिधि वेदप्रकाश ने बताया कि सब इंस्पेक्टर संजय ने गांव के स्कूल से ही अपनी पढ़ाई की थी। वे 1998 में कांस्टेबल पद से पुलिस में भर्ती हुए थे जो पदोन्नति के बाद फिलहाल सीआईए में सब इंस्पेक्टर पद पर सेवाएं दे रहे थे। संजय के पिता करतार सिंह का करीब दो वर्ष पहले हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। संजय तीन पुत्रों का पिता था। सबसे छोटा बेटा आयुष जहां नौवीं कक्षा में हैं वहीं बिचला पुत्र मोहित मेडिकल सांइस की कोचिंग ले रहा है जबकि बड़ा बेटा प्रमोद वकालत की पढ़ाई कर रहा है। संजय फुटबॉल के भी बेहतरीन खिलाड़ी थे।

### दो बेटियों के पिता थे अमित



वर्ष 2018 में कांस्टेबल पद से पुलिस में भर्ती हुए अमित की दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी जहां मात्र आठ वर्ष की है वहीं छोटी बेटी पांच वर्ष की है। अमित गुरुग्राम के सेक्टर-40 में सीआईए में तैनात थे। अमित के भाई अजीत ने बताया कि उनके पिता खजान सिंह सब्जी की दुकान चलाते हैं। उनके निधन से परिवार में शोक का माहौल है।

## बिना पैसे दिए तेल लेकर दो युवक फरार, केस



झज्जर। सीसीटीवी फुटेज में कैद आरोपी युवक।

**झज्जर।** शहर के माता गेट क्षेत्र में एक व्यापारी की दुकान पर तेल खरीदने पहुंचे दो युवक बगैर पेमेंट किए मौके से फरार हो गए। ऐसे में व्यापारी को कई रुपये की चपत लग गई। यह घटना उस दौरान हुई जब दुकान मालिक दुकान पर नहीं था। घटना के बाद व्यापार मंडल द्वारा बनाए गए व्हाट्सअप ग्रुप में इस घटना की चर्चा रही। जानकारी अनुसार गौशाला के नजदीक महेश कुमार गर्ग की आटा चक्की एवं तेल मिल की दुकान है। मंगलवार दोपहर बाद करीब साढ़े चार बजे महेश कुमार दुकान पर कर्मचारी को छोड़ कर किसी कार्य से बाहर गए थे। उस दौरान दो युवक स्कूटी पर एक पीपा तेल लेने पहुंचे। उन्होंने तेल का पीपा लेने के बाद ऑनलाइन पेमेंट करने की बात कही तो कर्मचारी ने उन्हें क्यूआर कोड दिखाया।

ऐसे में एक युवक ने क्यूआर कोड को स्कैन किया और पेमेंट होने की बात कहते हुए वह बगैर पेमेंट किए दुकान से बाहर निकल गया। बाद में व्यापारी ने दुकान पहुंच कर जब अपनी ट्रांजक्शन देखी तो उसे ठगी का पता चला। व्यापार मंडल ग्रुप में संदिग्ध युवकों की फोटो भी वायरल की गई।

# अवैध निर्माण ढहा रही जेसीबी निर्माणाधीन मंदिर पर भी चली

## एचएसआईआईडीसी के निकट एक अवैध कॉलोनी में एक चारदीवारी, 3 डीपीसी व मिट्टी की सड़कें उखाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने मंगलवार को गांव कसार के रकबे में अवैध निर्माण के विरुद्ध अभियान चलाया। एचएसआईआईडीसी के निकट एक अवैध कॉलोनी में एक चारदीवारी, 3 डीपीसी व मिट्टी की सड़कें उखाड़ी गईं। लेकिन इस दौरान सालासर बालाजी के निर्माणाधीन मंदिर पर भी विभाग की जेसीबी चली। एचएसआईआईडीसी के सेक्टर-17 के नजदीक करीब अढ़ाई एकड़ में काटी जा रही अवैध कॉलोनी को ढहाने के लिए मंगलवार को डीटीपी अंजू अपने दस्ते के साथ वहां पहुंची। वहां एक चारदीवारी, 3 डीपीसी व मिट्टी की सड़कें जेसीबी से उखाड़ी गई। लेकिन इस दौरान यह जेसीबी कसार रोड पर बनाए जा रहे हनुमान मंदिर पर भी चला दी। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बिना नोटिस के इस तरह की कार्रवाई का विरोध किया। लेकिन डीटीपी अंजू की अगुवाई में एटीपी सतीश व राजकुमार आदि की टीम ने तोड़फोड़ अभियान जारी रखा। हालांकि उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में ग्रीवेंस कमेटी में एक शिकायत दी गई थी। जिस पर यह कार्रवाई की जा रही है। तोड़फोड़ कार्रवाई का विरोध करते हुए भाजपा नेता श्रीराम खतोड़ भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि एक भाजपाई पूर्व पार्षद की शिकायत पर यह कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को फोन पर पूरे मामले से अवगत करवाया। साथ ही कहा कि वे इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत सीएम नायब सैनी से भी करेंगे। मंदिर की नींव पिछले वर्ष नवंबर माह में रखी गई थी। रमेश भक्त ने बताया कि कसार रोड पर संकटमोचन बालाजी सेवा ट्रस्ट की ओर से मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। यह निर्माण दो महीने से जारी है। मंगलवार को डीटीपी की जेसीबी ने इसे तहस नहस कर दिया।

■ एक नेता पर शिकायत करने का आरोप लगाते हुए बालाजी के भक्तों ने जताया रोष



बहादुरगढ़। डीटीपी की जेसीबी द्वारा तहस नहस किया गया मंदिर निर्माण।



बहादुरगढ़। अधिकारियों से अनुरोध करते मंदिर कमेटी के सदस्य।



बहादुरगढ़। कसार के निकट निर्माण ढहाती डीटीपी की जेसीबी।

### मंदिर कमेटी सदस्य बोले, शिकायत करेंगे

मंदिर कमेटी के सदस्यों ने विभाग के अधिकारियों से मंदिर निर्माण नहीं तोड़ने की गुहार लगाई, लेकिन डीटीपी ने एक नहीं सुनीं और पिल्लर से लेकर दीवार तक गिरा दिए गए। सतीश कुमार, जगतनारायण, डॉ. संदीप सैनी, सचिन मित्तल, देवेंद्र मित्तल, ऋषि भारद्वाज, राजेश गोयल व डॉ. नरेंद्र शर्मा ने कहा कि डीटीपी द्वारा मंदिर निर्माण को ध्वस्त करने से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। इससे बालाजी के भक्तों में काफी रोष व्याप्त है। इस तोड़फोड़ को लेकर वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भी मिलेंगे और अधिकारियों की शिकायत करेंगे।

## आर्मी में कैप्टन बनी बराही की पूजा



**बहादुरगढ़।** गांव बराही की बहू पूजा छिल्लर ने भारतीय सेना में कैप्टन बनकर अपने परिवार समेत पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भाजपा के विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने भी पूजा छिल्लर को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने पूजा के ससुर वेद प्रकाश छिल्लर और सास रामपति देवी को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर, सरपंच मोहित, अनिल छिल्लर, कर्मबीर, सुमित छिल्लर, धर्मे, संजय, सतपाल, राजेंद्र व सुमित आदि ने भी पूजा व उनके परिवार को बधाई दी। फोटो : हरिभूमि

## मारपीट करने व जबरदस्ती गाड़ी में ले जाने के मामले में तीन आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

पुलिस की एक टीम द्वारा शहरी क्षेत्र से एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और जबरदस्ती गाड़ी में ले जाने मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक सुनीता ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहित और मनीष निवासी बिठला और दीपक निवासी उखलचना कोट के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपियों से वारदात में प्रयोग गाड़ी बरामद की गई है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



# केसीबी ड्रेन में खतरे के निशान से नीचे नहीं हो रहा पानी, किसानों की रातें जागकर कट रही

■ लुकसर, गंगड़वा, बुपनिया, जरदकपुर सहित अन्य गांवों के किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

केसीबी ड्रेन में जल स्तर खतरे के निशान पर है। लुकसर में तो एक जगह से हलका रिसाव होने की भी बात सामने आई है। हालांकि फिलहाल नुकसान वाली कोई बात नहीं, लेकिन तेज बरसात होती है तो ड्रेन में पानी और बढ़ जाएगा, जिससे मुश्किलें बढ़ सकती हैं। किसानों की रातें जागकर कट रही है।

पिछले कई दिनों से यह स्थिति बनी हुई है। ड्रेन के उफान पर होने से लुकसर, गंगड़वा, बुपनिया, जरदकपुर सहित अन्य गांवों के किसानों के चेहरे पर चिंता साफ झलक रही है। खेतों में फसल को नुकसान पहुंचने का डर बना हुआ है। दरअसल, गुरुग्राम माइनर का पानी छोड़ने के कारण ड्रेन इस स्थिति में पहुंची थी। अब माइनर का पानी तो इसमें नहीं छोड़ा जा रहा लेकिन पीछे कुछ गांवों के खेतों में भरे पानी को इसमें निकाला जा रहा है। जिस कारण इसमें जल स्तर कम नहीं हो पा रहा। लुकसर व आसपास लगते गांवों के निकट माइनर में पानी खतरे के निशान पर है। लुकसर में बीच वाले पुल के पास जहां कट्टों की व्यवस्था की गई है, वहां से पानी का रिसाव हो रहा है। किसानों ने इस संबंध में अधिकारियों को अवगत कराया।

■ गुरुग्राम माइनर का पानी छोड़ने के कारण ड्रेन में जलस्तर खतरनाक स्तर तक बढ़ा



बहादुरगढ़। ड्रेन में खतरे के निशान पर चल रहा पानी।

### किसान कर रहे निगरानी

दिन हो या रात, किसान लगातार माइनर की निगरानी कर रहे हैं। एक-एक इंच घटते-बढ़ते जल स्तर पर किसानों की नजर बरकरार है। यदि ड्रेन टूट गई तो किसानों का बहुत नुकसान हो जाएगा। बरसात का मौसम भी किसानों को डरा रहा है। यदि तेज बरसात होती है तो ड्रेन हालात बिगाड़ सकती है। वर्ष 2022 में इन गांवों के लोग ड्रेन के कारण आपदा झेल चुके हैं। उधर, जेई सचिन ने कहा कि ड्रेन डेंजर लेवल पर है। लगातार निगरानी की जा रही है। सफाई कराई गई है। कमजोर हिस्सों को मजबूत किया गया है।

## जल निकासी के लिए अलर्ट मोड पर रहें अधिकारी : डीसी




झज्जर। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

इन दिनों बरसाती सीजन होने के कारण खेतों और रिहायशी आबादी क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति न उत्पन्न हो, इसके लिए पुख्ता और समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित की जाए,साथ ही जल निकासी से जुड़ी शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए।

यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक में जलभराव की संभावनाओं से निपटने और जल निकासी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बरसाती सीजन के चलते जल निकासी नालों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, जलनिकासी कार्य के लिए जरूरत अनुसार पंपसैट से पानी निकासी का कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को जल निकासी के लिए अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए।

## दिनभर बदलता रहा मौसम का मिजाज, धूप के साथ बारिश भी

**झज्जर।** मंगलवार दिनभर मौसम का मिजाज बदलता रहा। कभी आसमान में बादल तो कभी धूप निकलती रही। दोपहर बाद एकाएक फिर मौसम में करवट ली और कुछ देर तक हल्की बारिश करने के बाद बादल आगे निकल गए। जिसके कारण मौसम खुशनुमा हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, देर रात करीब साढ़े नौ बजे फिर मौसम बदला। आसमान में घनघोर घटा छा गई और बादलों की तेज गर्जना के साथ बारिश होने लगी। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहेगा।

■ अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया




# ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं बलिदान भी मांगती है

**मुंबई।** अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म में फरहान परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह भाटी का रोल निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में भारतीय सैनिकों की जांबाजी की झलक देखने को मिल रही है। इस टीजर को जोया अख्तर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने कैप्शन दिया है- 'ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं, बलिदान भी मांगती है'। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि फिल्म इस साल 21 नवंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर में दिखाया गया है कि साल 1962 में भारत-चीन की जंग के दौरान 18 नवंबर को क्या-क्या हुआ था।

लाइफ Style

# वामिका

## जी2 में दमदार किरदार में आएंगी नजर

इमरान हाशमी, अदिवि शेष और वामिका गब्बी फिल्म 'जी2' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया है। पोस्टर देख कर लगता है कि यह फिल्म एक्शन और सस्पेंस से भरपूर जासूसी थ्रिलर फिल्म होने वाली है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जारी किए गए पोस्टर में देखा जा सकता है कि इमरान हाशमी और आदिवी शेष गुस्से में नजर आ रहे हैं। एक दूसरे पोस्टर में अदिवि शेष और वामिका गब्बी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्टर में अदिवि शेष एक्शन मोड में शीशा तोड़ते हुए और बंदूक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए अदिवि शेष ने कहा जी2 एक ऐसा सफर रहा है जिसे हमने वर्षों से जिया और महसूस किया है। निर्देशक विनय कुमार सिरिगिनीदी के साथ, हमने बड़े सपने देखने की हिम्मत की है। इस कहानी को वैश्विक स्तर पर ले जाते हुए इसकी असलियत को बनाए रखा है। इमरान और वामिका वाकई दमदार किरदार में नजर आएंगे। उनके अभिनय ने इस फिल्म के पैमाने को एक पायदान ऊपर उठा दिया है। अब यह हमारे लिए सिर्फ एक फिल्म से कहीं बढ़कर बन गई है। फिल्म जी2 साल 2018 में रिलीज हुई गुडाचारी से संबंधित है। यह हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म जी2 फिल्म में बनिता संधू, मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागड्डा और मधु शालिनी जैसे दमदार कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अदिवि शेष एजेंट गोपी के रूप में वापसी कर रहे हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# द ग्लोरी का ट्विस्ट हिला देगा दिमाग

**नई दिल्ली।** 3 साल पहले नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई द ग्लोरी कोरियन थ्रिलिंग वेब सीरीज अगर आप एक बार देख लेंगे, तो बार-बार इसे देखने का मन करेगा। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसे देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे, लेकिन दिल को सुकून भी मिलेगा। तो अगर आप भी बिंज वॉच करना पसंद करते हैं, तो 16 एपिसोड की नेटफ्लिक्स की ये ट्रेंडिंग वेब सीरीज देख सकते हैं। द ग्लोरी नेटफ्लिक्स की एक साउथ कोरियन वेब सीरीज है, इस वेब सीरीज में स्कूल में बुरी तरह से बुलिंग का शिकार हुई लड़की की कहानी को बताया गया है।




# द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म का आजकल लोगों को बहुत ज्यादा क्रेज है। अब सबसे ज्यादा डरा देने वाली हॉरर फिल्म नए पार्ट के साथ वापस आ गई है। एक बार फिर भूत वापस लौट रहे हैं और उसे देखकर जो हालत खराब होने वाली है उसका अंदाजा ट्रेलर से ही लगाया जा सकता है। द कॉन्ज्यूरिंग सीरीज का आखिरी पार्ट आने वाला है। इस सीरीज के अब तक चार पार्ट आ चुके हैं और सभी हिट रहे हैं। अब द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स के ट्रेलर की बात करें तो इसकी शुरुआत आम लोगों से होती है। जासूसों के इंटरव्यू होते हैं। जिसमें दिखाया गया है कि शैतान पेंसिलवेनिया वहां पहुंच गया है और बुरी शक्तियां उसमें घुस गई हैं और उसे ही अपना घर बना लिया है।



# तलाक के बाद मृणाल को कर रहे डेट

**मुंबई।** एक्टर धनुष का पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत से अप्रैल 2024 में तलाक हो गया था। हालांकि, कुछ महीने पहले दोनों बड़े बेटे यत्र के स्कूल की ग्रेजुएशन सेरिमनी में साथ दिखे थे। धनुष और ऐश्वर्या अपनी-अपनी जिंदगी में बिजी हैं, पर बच्चों के लिए साथ आ जाते हैं। इसी बीच खबरें हैं कि धनुष एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई इवेंट्स में साथ में स्पॉट किया गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गईं। एक्टर धनुष हाल ही मृणाल ठाकुर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे, और अब उस पार्टी का अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धनुष ने मृणाल ठाकुर का हाथ पकड़ा हुआ है और बात कर रहे हैं। इसी वीडियो को देख फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।



# छह किताबों पर बनेंगी वेब सीरीज व फिल्में

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक जेफ्री आर्चर की कहानियां अब भारतीय सिनेमा के परदे पर जीवंत होने वाली हैं। भारत की प्रमुख कंटेंट निर्माण कंपनी अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने आर्चर की छह मशहूर किताबों के स्क्रीन एडप्टेशन के अधिकार हासिल किए हैं। इस साझेदारी को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब इस तरह किसी विदेशी लेखक की किताबों के राइट्स लिए गए हैं। इस तरह भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अब स्तरीय विदेशी कॉन्टेंट की दस्तक को शानदार माना जा रहा है। इस डील में जेफ्री आर्चर की छह किताबें द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स, फोर्थ एस्टेट, फर्स्ट अमंग इक्वल्स, द इलेवन्थ कमांडमेंट, सन्स ऑफ फॉर्च्यून और हेड्स यू विन शामिल हैं।

## टीवी मसाला



# विवियन डीसेना का एकता कपूर के शो से होगी वापसी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर एक बार फिर से छोटे पर्दे पर धमाका करने की तैयारी में हैं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी का दूसरा सीजन लाने के बाद वह नागिन 7 के कारण सुर्खियां बटोर रही थीं। दर्शक उसके आने का इंतजार ही कर रहे थे कि प्रोड्यूसर ने विवियन डीसेना के साथ एक प्रोजेक्ट करने का हिंट देकर दर्शकों को कन्फ्यूज कर दिया है। वह एक्टर के कमबैक से खुश भी हैं, लेकिन किस शो में वह आएंगे, ये सोचकर दिमाग की नसों पर जोर भी दे रहे हैं। दरअसल, पहले कुछ हफ्तों तक खबर थी कि विवियन डीसेना नागिन 7 में दिखाई दे सकते हैं। अब एकता कपूर के लेटेस्ट वीडियो से शक यकीन में बदलता दिख रहा है। इसमें दोनों सांप-चमगादड़ जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर दर्शकों को गुमराह कर रहे हैं। वीडियो में, एकता विवियन से पूछती हैं, 'हम क्या कर रहे हैं? क्या हम सांपों के साथ कुछ कर रहे हैं?' तो विवियन कहते हैं, नहीं। बाद में, एकता कहती हैं, शायद चमगादड़ों के साथ कुछ। तो एक्टर जवाब देते हैं, काफी करीब। विवियन डीसेना आखिरी बार बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। वह रनर-अप रहे थे, जबकि करण वीर मेहरा ने ट्रॉफी जीती थी। एक्टर को लीड रोल में आखिरी फिक्शनल शो सिर्फ तुम में देखा गया था, जो 2022 में ऑफ-एयर हुआ था। ऐसे में 3 साल बाद उन्हें पर्दे पर देखना उनके चाहनेवालों के लिए बड़ा सरप्राइज है।

## कपिल के शो में शिल्पा ने उड़ाया छोटी बहन का मजाक

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे पूरा भारत 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने की तैयारी कर रहा है, द ग्रेट इंडियन कपिल शो बॉलीवुड की दो सबसे प्यारी बहनों शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी के साथ बाई-बहन हुमा कुरैशी और साकिब सलीम को एक साथ ला रहा है। सोशल मीडिया पर लीक हुए इस एपिसोड का एक प्रोमो हंसी-मजाक और भाई-बहनों की ढेर सारी नोक-झोंक का वादा करता है, जिसमें मेहमान एक-दूसरे को मजाकिया अंदाज में चिढ़ाते हैं। प्रोमो वीडियो में, शिल्पा शेट्टी कपिल शर्मा के वजन घटाने का मजाक उड़ाती हैं, जिस पर कपिल शर्मा मजाक करते हुए कहते हैं कि उन्होंने यह उनसे ही सीखा होगा। वो मजाक में कहते हैं कि उनका वजन हर साल कम होता जा रहा है। जब कपिल पूछते हैं कि क्या शमिता अपनी बहन से हर बात शेयर करती हैं, तो शिल्पा जवाब देती हैं, वो मुझसे सिर्फ बॉयफ्रेंड वाली बातें छिपाती हैं। शमिता तुरंत जवाब देती हैं कि वो अब कुछ नहीं छिपातीं, और शिल्पा कहती हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वो अब सिंगल हैं।



# ये हॉरर फिल्म अकेले देख ली तो कांप उठेगा कलेजा

**नई दिल्ली।** अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं तो आपको 18 साल पुरानी यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह फिल्म आपको डर की दुनिया ऐसी सैर कराएगी कि आपको हॉरर फिल्मों की दुनिया का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। यह फिल्म इतनी डरावनी है कि आप अपने आजू-बाजू देखने से भी डरने लगेंगे। इस फिल्म की हॉररनेस का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं, इसकी कहानी कुछ ऐसी है कि इसमें 30 दिनों तक सूरज नहीं निकलता है और लोग पूरे एक महीने अंधेरे और डर के साए में अपनी जिंदगी की भीख मांग रहे होते हैं। इस फिल्म में रात के इस लंबे अंधेरे में कुछ ऐसे शैतान उतर आते हैं, जिन्हें आदमखोर कहें तो गलत नहीं होगा।



### क्या है फिल्म की कहानी?

वहीं, वैंपायर्स के सरदार का रोल डैनी हस्टन ने किया है, जिसकी एक्टिंग देखने के बाद किसी का भी पसीना छूट जाएगा। फिल्म का हर किरदार दर्शकों को डराने का काम करता है। फिल्म की कहानी पर नजर डाले तो यह अलास्का के बैरो नाम शहर की है, जो पूरी तरह बर्फ से ढका है। जैसे ही इस शहर पर रात का अंधेरा छाता है, वैंपायर्स एक्टिव हो जाते हैं और तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। इस शहर का अन्य शहर से संपर्क टूट जाता है और यहां बसे लोग एक-एक कर अपनी जान गंवा देते हैं।

**कौन सी डरावनी फिल्म है ये? :** इस फिल्म की कहानी रात होने के बाद शुरू होती है और 30 दिन सवेरा होने के बाद खत्म। इसलिए इस फिल्म का नाम, '30 डेज ऑफ डार्क नाइट' है। फिल्म के नाम से पता चलता है कि इसकी कहानी रात के काले अंधेरे पर बेस्ड है, जहां सूरज का तीस दिनों तक कोई अता-पता नहीं है। फिल्म कहानी में एक शेरिफ और उसकी पत्नी है, जो इन पिशाचों से मुकाबला करते हैं, जो रात के योद्धा हैं। पिशाचों के खिलाफ इस लड़ाई में इस महिला का पति अपनी जान गंवा बैठता है। फिल्म में जोश हार्टनेट और मेलिसा जॉर्ज ने पति-पत्नी का रोल प्ले किया है।

# 3 साल तक सिनेमाघरों में छाई रही ये फिल्म 80 साल बाद शोले ने तोड़ा था रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जुबली स्टार की बात करें, तो जो नाम जुबान पर सबसे पहले आता है, वो नाम है राजेंद्र कुमार का। उनकी फिल्मों के लिए कहा जाता था कि वो जो भी करते थे, वो सिल्वर जुबली जरूर मनाती थी। सिर्फ हीरो ही नहीं, हिंदी फिल्म के इतिहास में एक एक्ट्रेस भी ऐसी रही हैं, जो जुबली गर्ल के नाम से जानी गईं। उनकी फिल्मों ने जो इतिहास रचा उसे बॉक्स ऑफिस पर तोड़ने में बॉलीवुड को पूरे अस्सी साल तक इंतजार करना पड़ा। इस एक्ट्रेस का नाम था मुमताज शांति, जिन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया।



***देश की पहली जुबली गर्ल :*** ये बात बंटवारे के दौर से भी पहले की है, जब हिंदी फिल्मों में एक एक्ट्रेस हुआ करती थीं मुमताज शांति। उन्हें जुबली गर्ल का नाम दिया गया था। बात चालीस के दशक के आसपास की होगी, जब मुमताज शांति की खूबसूरती और एक्टिंग का कोई मुकाबला नहीं था। मुमताज शांति ने पंजाबी फिल्मों से इंड्स्ट्री में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म थी सोहनी कुमारन। उनकी दूसरी पंजाबी फिल्म थी मंगती, जो 1942 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने डायमंड जुबली मनाई थी। इसके बाद मुमताज शांति का नाम पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार के तौर पर लिया जाने लगा था। पंजाबी फिल्मों में नाम कमाने के बाद मुमताज शांति ने हिंदी फिल्मों का रुख किया।

### पहली हिंदी फिल्म बसंत रही जुबली हिट

मुमताज शांति की पहली हिंदी फिल्म थी बसंत. ये फिल्म भी जुबली हिट रही थी। इस फिल्म में मधुबाला भी नजर आईं थीं। ये फिल्म करीब 76 हफ्ते तक थियेटर्स में रही थी। साल 1943 में वो अशोक कुमार के साथ किस्मत फिल्म में नजर आईं। इस फिल्म को देश की पहली ब्लॉकबस्टर मूवी माना जाता है, जिसने उस दौर में एक लाख के बजट में एक करोड़ की कमाई की थी। ये फिल्म लगातार तीन साल सिनेमा हॉल में लगी रही। 80 साल बाद ये रिकॉर्ड फिल्म शोले ने तोड़ा था।

## रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का लगने वाला है मजेदार मजमा

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये नई वेब सीरीज और फिल्में होंगी रिलीज

*नई दिल्ली। नया हफ्ता, नई उम्मीदें, नया रोमांच। सिनेमाघरों में इस शुक्रवार, 8 अगस्त को अंदाज 2 रिलीज हो रही हैं। फिल्म को लेकर बहुत ज्यादा बज़ नहीं है। लेकिन ओटीटी के पिटारे में इस हफ्ते एक के बाद एक ऐसी नई सीरीज और फिल्में हैं, जो आपके वीकेंड का मजा कई गुना बढ़ा सकती हैं। अगले सात दिनों में ओटीटी पर रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का मजेदार मजमा लगने वाला है। मौनी रॉय और नवीन कस्तूरिया की जासूसी वेब सीरीज सलाकार जहां अतीत से वर्तमान तक, राष्ट्रीय सुरक्षा के रोमांच को बढ़ाने वाली हैं, वहीं नेटफ्लिक्स की रिकॉर्ड तोड़ सीरीज 'वेडनेसडे' के सीजन 2 का पार्ट 1 भी रिलीज होने वाला है। 'मिकी 17' में जहां रॉबर्ट पैटिंसन दिल लूटने आ रहे हैं, वहीं मायासभा, मामन और अरबिया कदली जैसी साउथ की फिल्में और सीरीज भी आ रही हैं।*

**सलाकार :** सलाकार वेब सीरीज की कहानी साल 1978 और साल 2025 के दो टाइमलाइन में चलती है। यह एक जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एस्पिरेंटस फेम नीन कस्तूरिया ने अधीर का किरदार निभाया है। वह एक सीक्रेट एजेंट है, जिसने शीत युद्ध के दौरान पाकिस्तान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को असफल बनाने में देश की मदद की थी। अधीर अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर है। देश की सुरक्षा पर फिर से खतरा मंडरा रहा है। राजनीति में तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में अधीर को अपने अतीत के अनसुलझे खतरों का भी सामना करना होगा। इस सीरीज में मौनी रॉय, मुकेश ऋषि, अश्वथ भट्ट, पूर्णेंदु भट्टाचार्य और सूर्या शर्मा भी हैं। सलाकार वेब सीरीज ओटीटी पर शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

**मायासभा :** मायासभा मूल रूप से तेलुगू में बनी पॉलिटिकल-ड्रामा सीरीज है। कहानी 1990 के दशक के आंध्र प्रदेश की अशांत राजनीति की है। यह कॉलेज के दो आदर्शवादी दोस्तों, ककरला कृष्णमा नायडू (आधि पिनिसेट्टी) और एमएस रामी रेड्डी (चैतन्य राव) की कहानी कहती है। दोनों राजनीति को बदलने का साझा सपना देखते हैं। लेकिन, इस राह में महत्वाकांक्षा की लड़ाई, विश्वासघात और विचारधाराओं का टकराव है। जैसे-जैसे वे आगे बढ़ते हैं, राजनीतिक दिग्गज बनते हैं, उनकी दोस्ती सत्ता संघर्ष, गुपचुप समझौतों और एक भयंकर प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है। उनकी दुनिया में तब और उथल-पुथल मच जाती है, जब कहानी में एक करिश्माई फिल्म स्टार की एंट्री होती है। वह अब राजनेता बन जाता है। इस सीरीज में दिव्या दत्ता, साई कुमार, नासर, रवींद्र विजय, श्रीकांत अयंगर, शत्रु और तान्या रविचंद्रन भी हैं। 'मायासभा' वेब सीरीज ओटीटी पर गुरुवार, 7 अगस्त को रिलीज हो रही है।



**अरबिया कदली :** अरबिया कदली एक तेलुगू सर्वाइवल ड्रामा वेब सीरीज है। यह समंदर किनारे बसने वाले दो गांव और उनके गांव वालों की कहानी है। ये गांव मछुआरों का है। दोनों गांव में हमेशा से एक-दूसरे को लेकर जबरदस्त कंपीटिशन रहा है। मछुआरों के एक ग्रुप गलती से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में पहुंच जाता है। उन्हें एक विदेशी जमीन पर कैद कर लिया जाता है। बद्री और उसके साथी मछुआरे खतरनाक समुद्र, कैद और अन्याय से जूझते हैं। इधर, इस कहानी के साथ ही एक और कहानी चलती है, जहां गंगा (आनंदी) साहस और दृढ़ विश्वास के साथ सिस्टम को चुनौती देती है। वह शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ मिसाल बनकर उभरती है। सीरीज में सत्य देव और आनंदी लीड रोल में हैं। जबकि साथ में नासर, रघु बाबू, दलीप ताहिल, पूनम बाजवा और हर्ष रोशन भी हैं। अरबिया कदली वेब सीरीज शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होगी।

**मामन :** मामन एक तमिल फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह मई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कहानी त्रिची में रहने वाले मामन इनबा (सूरी) के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में चाचा-भतीजा हैं। मामन को अपनी बहन गिरिजा के बेटे लड्डू से बहुत प्यार है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब लड्डू की शादी डॉक्टर रेखा (ऐश्वर्या लक्ष्मी) से होती है। यह दिल को छू लेने वाली कहानी जल्द ही तनाव और पारिवारिक संघर्ष में बदल जाती है, क्योंकि लड्डू का बेमेल प्यार इनबा और रेखा के रिश्ते में दरार डाल देता है।

## राजीव गांधी खेल स्टेडियम तलाव में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

# ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में एमआर स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते मेडल


झज्जर। खेल मैदान में उपस्थित विजेता टीम के खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता टीमों के खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। प्रशिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी।


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजीव गांधी खेल स्टेडियम तलाव में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में एमआर स्कूल हसनपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई स्पर्धाओं में पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या संगीता कोडान ने बताया कि उनके संस्थान के खिलाड़ियों ने फुटबॉल, बॉक्सिंग, रेसलिंग, खो-खो, एथलेटिक्स आदि स्पर्धाओं में भाग लेकर मेडल जीते। स्कूल की फुटबॉल, बॉक्सिंग, रेसलिंग और खो-खो टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आगामी प्रतियोगिताओं में अपनी जगह बनाई। विद्यालय निदेशक सोमबीर कोडान ने इस उपलब्धि पर खेल प्रशिक्षक कृष्ण छोकर, ज्योति और मानशी के प्रयासों की सराहना करते हुए विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल जीवन की कामना की।

### जोनल स्तरीय प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने जीते मेडल


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** हाल ही में बहादुरगढ़ में हुई जोनल स्तरीय स्कूली खेल कूद प्रतियोगिता में संस्कार सीनियर सैकेंडरी स्कूल छारा के खिलाड़ियों ने पदक जीत कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। अंडर-19 आयु वर्ग में छात्रा रिद्धि व अंडर-17 आयुवर्ग वर्षा ने कबड्डी, अंशिका, वर्षा, वंश, पारस, रितिक व दीपांशु ने बॉस्केट बॉल स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-14 आयुवर्ग की बॉस्केट बॉल स्पर्धा में साहिल, रोहन, प्रिंस, नितेश व चिराग पहले स्थान पर रहे। इसी आयु वर्ग की खो-खो स्पर्धा में वंश व भीम ने पहला पुरस्कार जीता। इनके अलावा कुश्ती प्रतियोगिता में देव ने 71 किलोग्राम भारवर्ग, दक्ष ने 65 किलोग्राम भारवर्ग, धूव व दक्ष ने 45 किलोग्राम भारवर्ग, वीर ने 55 किलोग्राम भारवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर स्कूल निदेशक राजीव दलाल ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए डीपीई रविंद्र व कोच देवेंद्र सिंह की भी सराहना की।

### ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में एचडी स्कूल के खिलाड़ियों ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

**झज्जर।** साल्हावास के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में आयोजित खंड स्तरीय स्कूली खेल-कूद प्रतियोगिताओं में एचडी स्कूल के खिलाड़ियों ने ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के एथलेटिक्स कोच रविंद्र कुमार और हितेश गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता के तीसरे दिन अंडर-17 आयु वर्ग में हिमांशु ने 400 मीटर दौड़, अमन जाखड़ ने जैवलिन थ्रो व लोकेश ने लंबी कूद स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-14 आयु वर्ग की 400 मीटर और 200 मीटर दौड़ में रूद्रांश ने प्रथम स्थान जीता। अंशुल ने 3000 मीटर, गौरव ने जैवलिन थ्रो, दीपांशु ने 100 मीटर व 400 मीटर रेस तथा हिमांशु जाखड़ ने 200 मीटर रेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें आगामी जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### खो-खो स्पर्धा में कैंब्रिज स्कूल की टीम का प्रदर्शन सराहनीय

**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड के विद्यार्थियों ने साल्हावास में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जगह बनाई है। डीपीई पवन ने बताया कि उनके स्कूल की खो-खो टीम ने अंडर- 17 आयु वर्ग में प्रथम तथा अंडर-14 आयु वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य विमला यादव व उमेश भारद्वाज ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए स्कूल स्टॉफ सदस्यों को बधाई दी तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कबड्डी प्रतियोगिता में तक्षशिला स्कूल की टीम प्रथम

**झज्जर।** राजीव गांधी स्टेडियम डीघल में आयोजित खंड स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं में तक्षशिला स्कूल की लड़कों की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्राचार्य नसीब अहलावत ने बताया कि लड़कों की अंडर-17 आयु वर्ग की कबड्डी स्पर्धा में उनके स्कूल की टीम प्रथम रही जबकि अंडर-19 आयु वर्ग में उनकी टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इनके अलावा अंडर -17 आयु वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में गौरव, अंडर-14 की बैडमिंटन स्पर्धा में मेघना, तीरंदाजी में आयशा तथा बाक्सिंग स्पर्धा में मयंक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ी सक्षम ने शॉटपुट में पहला व जैवलिन थ्रो में दूसरा स्थान हासिल किया। राहुल अंडर-17 आयु वर्ग की जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता तथा हिमांशु 400 मीटर व 800 मीटर दौड़ में प्रथम रहा। खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के चेयरमैन सुखबीर डबास व निदेशक हरबीर डबास ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


बहादुरगढ़। जीतकर लौटे दहकौरा व लौहारहेड़ी गांव के कबड्डी खिलाड़ी।

### नेशनल कबड्डी में जीते दहकौरा व लौहारहेड़ी के खिलाड़ी

**बहादुरगढ़।** उतराखंड के छोई क्षेत्र में हुई आठवीं नेशनल यूनीक कबड्डी चैंपियनशिप में गांव दहकौरा व लौहारहेड़ी के खिलाड़ियों ने अंडर 14 व अंडर 17 आयुवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोच तरूण दहकौरा ने बताया कि कैप्टन निखिल कुमार की अगुवाई में अंडर 14 आयुवर्ग में संयुक्त टीम ने 25-20 के अंतर से यूपी को हराया और कैप्टन दक्ष के नेतृत्व में अंडर 17 टीम ने 35-28 के अंतर से उतराखंड की टीम को परास्त किया। इस चैंपियनशिप में कुल आठ राज्यों की टीमों ने भाग लिया था। निखिल कुमार के दादा दिलबाग रेढू ने दोनों टीमों का जोरदार स्वागत किया। संजीव तहलान ने तरूण दहकौरा की कोचिंग को सराहा। इस मौके पर दर्शन रूहिल, अजय, प्रदीप, देशी प्रधान, सतबीर खजांची, सुरेंद्र प्रधान व महेंद्र तहलान आदि मौजूद रहे।

### 1800 दिनों तक बिना रुके दौड़े नवीन राणा

**बहादुरगढ़।** एक तरफ जहां लोग मोटापे से ग्रस्त हैं। वहीं दूसरी ओर बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावक नवीन राणा ने 1800 दिनों तक बिना रुके एक अनोखी दौड़ यात्रा पूरी की है। वर्ष 2020 से लेकर 2025 तक हर दिन दौड़ लगाई और अपने फिटनेस अनुशासन का प्रमाण दिया। बीआरजी के नवीन राणा ने निरंतर 1800 दिनों तक बिना रुके, बिना छुट्टी लिए प्रतिदिन दौड़ पूरी कर एक अनूठी उपलब्धि हासिल की है। नवीन राणा ने प्रतिदिन कम से कम 5 किलोमीटर दौड़ पूरी की। कई मौकों पर उन्होंने हाफ मैराथन (21.1 किलोमीटर), फुल मैराथन (42.2 किलोमीटर) व अल्ट्रा रन (50 प्लस किलोमीटर) जैसे चुनौतीपूर्ण लक्ष्य भी अर्जित किए। किसी भी परिस्थिति में नवीन राणा दौड़ना नहीं चूके। दौड़ के साथ-साथ उन्होंने साइक्लिंग और फिटनेस गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाई। बीआरजी के संस्थापक दीपक छिल्लर व अन्य सदस्यों ने उन्हें इस अनुशासन और समर्पण के लिए बधाई देते हुए अन्य लोगों के लिए जीवंत प्रेरणा बताया। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को छठी बीआरजी वार्षिक दौड़ आयोजित की जाएगी। इस दौरान 10, 5 व 3 किलोमीटर की श्रेणी में टॉप थ्री धावकों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया


विद्यार्थियों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार।

**बहादुरगढ़।** मंगलवार को निरीक्षक सतीश कुमार ने कृष्णा हाई स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों और साइबर अपराधों से सतर्क रहने के लिए जागरूक किया। निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि तकनीक के बढ़ते प्रयोग के साथ साइबर अपराधों के तरीके भी जटिल होते जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम्स, संदिग्ध लिंक और अज्ञात कॉल/मैसेज के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत परिजनों, शिक्षकों या पुलिस को देने की अपील की। साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग की जानकारी भी दी। महिला सुरक्षा के संबंध में उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और आत्म-सुरक्षा के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# जनसरोकार दिवस के रूप में मनाया गया इनसो का स्थापना दिवस

■ इनसो व जेजेपी कार्यकर्ताओं ने गोशालाओं में जाकर की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जेजेपी और इनसो कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

इनसो का 23वां स्थापना दिवस मंगलवार को जेजेपी और इनसो के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से जनसरोकार दिवस के रूप में मनाया। कार्यकर्ताओं ने गऊशालाओं में पहुंच कर गऊओं का चारा डाला और गऊओं की सेवा में काफी समय बिताया। प्रदेशभर में ही जेजेपी द्वारा इनसो का स्थापना दिवस गऊशालाओं में गऊओं की सेवा के लिए मनाने की घोषणा की गई थी। जिसके चलते झज्जर जिले में कार्यकर्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए इस कार्य को किया। कार्यक्रम में जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी एक ऐसी पार्टी है जोकि अपनी स्थापना के बाद से ही जनहित को सेवा और सदभाव मानती है। जिस समय जेजेपी का गठन हुआ था उस समय पार्टी के शीर्ष नेताओं ने किसान और कमेरा वर्ग के हितैषी रहे चौधरी देवीलाल की नीतियों पर चलने का संकल्प लिया था। उसकी संकल्पित भाव को लेकर जेजेपी आगे बढ़ रही है। इस मौके पर गांव खेड़का गुर्जर की गोशाला में वाटरकूलर और मांडौठी में गोओं के लिए शेड बनवाने की घोषणा की गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संजय दलाल,पूर्व जिलाध्यक्ष उपेंद्र कादियान, महिला जिलाध्यक्ष शीला गोदारा, अजय गुलिया, जिला प्रेस प्रवक्ता विकास पाराशर, मिंटू ठेकेदार,संदीप अहलावत, राजू दलाल, मनोज पांचाल, नसीब, प्रीतम कुकडौला सहित अन्य भी मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। स्कूल स्टॉफ के साथ माउंट व्यू के खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### माउंट व्यू के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**बहादुरगढ़।** खंड स्तरीय खेल महोत्सव में माउंट व्यू स्कूल बहादुरगढ़ का प्रदर्शन शानदार रहा। इन सभी खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। स्कूल निदेशक देवेंद्र लाठर ने उन्हें बधाई देते हुए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य सुरेन्द्र छिल्लर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में लड़कों के अंडर-17 आयग्र्ग फुटबॉल स्पर्धा में माउंट व्यू की टीम ने फाइनल मैच में बादली के राजकीय स्कूल को 3-2 से हराकर मैच जीत लिया। गोलकीपर दक्ष, दीनू जून, सावन, हर्ष, जतिन आदि ने शानदार प्रदर्शन किया। कोच रविंद्र जून ने टीम की जीत पर प्रशंसा व्यक्त की। वहीं लड़कों की अंडर-14 कबड्डी स्पर्धा में माउंट व्यू की टीम ने फाइनल मैच में आसौदा के राजकीय स्कूल की टीम को 25-7 से हराकर मैच जीत लिया। इसमें हिमांशु, मासूम, लक्ष्य, नैतिक आदि ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम की जीत पर कोच नीलम लाठर ने खुशी व्यक्त करते हुए बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंडर-14 लड़कियों की 600 मीटर रेस में निकिता सहवाग जीती। अंडर-17 क्रिकेट में भव्य एवं सक्षम का चयन जिला स्तरीय खेल के लिए हुआ।

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



सीवर तथा नालों का पानी शहर के सेक्टर-6 और पटेल नगर रोड पर बहने से परेशान नागरिकों ने मंगलवार को संबंधित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को ज्ञापन देकर समाधान की गुहार लगाई है। पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा, आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान जयपाल सांगवान, दिलबाग जून, कृष्णलाल, जयपाल सिंह, राकेश, रामनिवास, दीपक व अजय आदि ने विधायक राजेश जून, चेयरपर्सन सरोज राठी, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि पिछले 6 महीने से सड़क पर बहने वाले सीवर और नाले के पानी ने यहां से गुजरने वाले लोगों का जीवन नर्क बना दिया है। सड़क बिल्कुल टूट चुकी है और गंदगी के कारण बीमारियां पनपने का खतरा बना हुआ है। जल्द इसका समाधान नहीं हुआ तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे।

## बीके लक्ष्मी दीदी ने सभी को रक्षाबंधन का आध्यात्मिक महत्व समझाया

# ब्रह्माकुमारियों ने स्कूल व थानों में जाकर बांधी राखी

■ आत्मिक और परमात्मिक सुरक्षा का अनमोल संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर 2 सेवाकेंद्र की ओर से एचएल सिटी में स्थित जीडी गोयनका स्कूल व पुलिस थाने में पुलिसकर्मियों के साथ रक्षाबंधन का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। बीके लक्ष्मी दीदी ने सभी को रक्षाबंधन का आध्यात्मिक महत्व समझाते हुए आत्मिक और परमात्मिक सुरक्षा का अनमोल संदेश दिया। बीके लक्ष्मी दीदी ने बताया कि रक्षाबंधन पवित्र संबंधों की स्थायित्वता, विश्वास और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि हम सभी आत्माओं का मूल स्वरूप शांति, प्रेम और पवित्रता है। इस सूत्र को बांधकर हम न केवल एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करते हैं, बल्कि परमात्मा के साथ अपनी अटूट डोरी को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और पुलिस अधिकारियों को रक्षा-सूत्र बांधकर उनके जीवन में ईश्वरीय सुरक्षा, शक्ति और सफलता की शुभकामनाएं दीं। सभी को प्रभु प्रसाद भी वितरित किया गया।

स्कूल स्टॉफ और पुलिसकर्मियों ने इस आयोजन को आत्मीयता से सराहते हुए कहा कि यह रक्षाबंधन मानवीय मूल्यों और आध्यात्मिकता से जुड़ा एक अमूल्य अनुभव बन गया है। ब्रह्माकुमारीज संस्था समाज के हर वर्ग तक संस्कार, आध्यात्मिक ज्ञान और सेवा की भावना को पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सैकड़ों विद्यार्थियों, शिक्षकों व पुलिसकर्मियों ने ईश्वर से जुड़ने तथा आत्मिक सुरक्षा का संकल्प लिया।


बहादुरगढ़। जीडी गोयनका स्कूल में ईश्वरीय सौगात देती बीके लक्ष्मी दीदी व अन्य। फोटो :हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### झज्जर रोड पर नाले की सफाई शुरू


बहादुरगढ़। जेसीबी से नालों की सफाई करवाते एमई जोगेंद्र सिंधु।

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड पर नाले की सफाई का काम एक बार फिर शुरू हो गया है। मंगलवार को पालिका अभियंता जोगेंद्र सिंधु की अगुवाई में जेसीबी की मदद से नाले को क्लीयर करवाने का काम शुरू हुआ। पार्षद सुनैना मलिक ने पहले जिला प्रशासन के सामने यह समस्या उठाई थी, जिसके बाद यह कार्यवाही की गई है। झज्जर रोड पर नालों की सफाई का काम फिर से शुरू होने पर उन्होंने खुशी जाहिर की हे। संजीव मलिक ने बताया कि नाले साफ न होने के कारण बरसात में जलभराव होता है, जिससे बीमारियों का खतरा है। नगर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए जेसीबी से नालों की सफाई करवाई।

### खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा


स्कूल प्रबंधन समिति सदस्यों के साथ विजेता खिलाड़ी।

**झज्जर।** पैरामाउंट स्कूल छुछकवास में मंगलवार को विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था निदेशक इंद्रजीत फौगाट ने किया। खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भागीदारी की। प्रतियोगिता परिणामों में लड़कों की 100 मीटर रेस में राजबीर ने पहला, रजत ने दूसरा व गौरव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर रेस में यश पहले, संजू दूसरे व हिमांशु तीसरे स्थान पर रहा। लड़कियों की 100 मीटर रेस में यतिका ने पहला, खुशी ने दूसरा व निक्की ने तीसरा स्थान हासिल किया जबकि 200 मीटर रेस में दीपांशी पहले, आराधना दूसरे व खुशी तीसरे स्थान पर रही। सभी विजेता खिलाड़ियों को स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इसके अलावा अध्यापकों ने भी म्यूजिकल चेयर रेस में भाग लेकर खेलों का आनंद लिया।

### खेल महाकुंभ में जिले के खिलाड़ियों ने जीते दो गोल्ड मेडल


झज्जर। होनहार खिलाड़ी रितु।

**झज्जर।** खेल महाकुंभ रोहतक में जिले के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि जहां आकाश गुलिया ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया वहीं महिला वर्ग में रितु सिंधु ने 80 किलोग्राम भारवर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिद्वंदी को हरा कर पहला स्थान जीता। इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार और हरियाणा राज्य के डिप्टी स्पोर्ट्स डायरेक्टर गौरव सोलंकी ने बधाई देते हुए होनहार खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह जीत युवा खिलाड़ियों के समर्पण और कठिन परिश्रम का प्रतिफल है।

### जिले को सेमग्रस्त मुक्त बनाने की योजना तैयार करें अधिकारी

**झज्जर।** मंगलवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिला झज्जर की भूमि को सेमग्रस्त मुक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग जिला को सेमग्रस्त मुक्त बनाने की दिशा में आज से ही मिशन मोड में जुट जाएं। किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि सर्वे रिपोर्ट के अनुसार जिला के 232 गांवों में सेम की समस्या थी। बैठक में सिंचाई विभाग ने बताया कि 11 गांवों में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम से सेम की समस्या खत्म हो गई है। बाकी 221 गांवों में भी योजना बद्ध तरीके से सरकार की योजना के अनुरूप काम किया जा रहा है।

### सफाई कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर किया मंथन


झज्जर। बैठक में चौकीदारों को संबोधित करते हुए जिला प्रधान राजेंद्र सुलौधा।

**झज्जर।** मंगलवार को ग्रामीण चौकीदार सभा द्वारा साल्हावास व माछरौली ब्लॉक के सदस्यों की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता ईश्वर ने की जबकि संचालन श्रवण द्वारा किया गया। जिला प्रधान राजेंद्र सुलौधा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ग्रामीण चौकीदारों की मांगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही जिस कारण चौकीदारों में रोष है। वे 24 घंटे अपनी ड्यूटी देते हुए ग्रामीणों व जिला प्रशासन की सेवा करते हैं। इतनी मेहनत के बाद भी केवल ग्यारह हजार रुपये मेहनताना मिलता है जिससे घर खर्च चलाना मुश्किल हो जाता है।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। पौधे लगाते भारत रक्षा मंच के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### भारत रक्षा मंच ने किया पौधरोपण

बहादुरगढ़। भारत रक्षा मंच द्वारा शहर में पौधारोपण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत के संगठन मंत्री सत्यवान बिरला ने पर्यावरण का महत्व समझाया। प्रांत उपाध्यक्ष संजीत राठी, चुन्नीलाल, संतोष सोलंकी, धर्मपाल सिवान, बलजीत नाथ, रेनू खैरपुर, प्रमिला जून व रमन आदि ने पौधे लगाए।

### सट्टा खाईवाली मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

झज्जर। पुलिस की एक टीम द्वारा सट्टा खाईवाली मामले में एक आरोपी को पकड़ा गया है। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक सुनीता ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान संजय निवासी भट्टी गेट के तौर पर की गई है। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 2270 रुपये नकदी और सट्टा पर्चा बरामद हुई है।

### जयकिशन छिल्लर बने अभियान के जिला संयोजक

बहादुरगढ़। भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के लिए चारों विधानसभा क्षेत्रों समेत सभी 15 मंडलों के लिए संयोजक व सह संयोजकों की नियुक्ति की गई है। गांव लडरावन निवासी जयकिशन छिल्लर को इस अभियान का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है।



## सरकार के खिलाफ लगाए नारे, सौंपा ज्ञापन

# ऑनलाइन तबादला पॉलिसी के खिलाफ बिजली कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

प्रदेश सरकार व निगम प्रबंधन द्वारा लागू की गई ऑनलाइन तबादला पॉलिसी के विरोध में मंगलवार को ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के सदस्यों ने बिजली निगम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान राम दर्शन ने की जबकि मंच संचालन सुनील कुमार ने किया। सर्कल सचिव भूपेंद्र यादव व एसकेएस जिला प्रधान रामबीर ने बताया कि प्रदर्शन में जहां बिजली कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए वहीं प्रदर्शन उपरांत कार्यकारी अभियंता के माध्यम से हरियाणा सरकार को ज्ञापन भेजा। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि बिजली निगम की कार्यप्रणाली अन्य विभागों से अलग है। यहां कर्मचारी 24 घंटे जोखिम भरे हालात में काम करते हैं। तबादले के बाद कर्मचारियों को नई जगह की लाइन व्यवस्था की जानकारी नहीं होती, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाएगी। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि यूनियन के विरोध के बावजूद निगम प्रबंधन ने आनन-फानन में ऑनलाइन पॉलिसी लागू कर दी, जिसके अंतर्गत क्लर्क स्तर के कर्मचारियों को दो सौ-दो सौ किलोमीटर दूर स्थानांतरित कर दिया गया। अब सरकार इस पॉलिसी को सभी कर्मचारियों पर लागू करना चाहती है। उन्होंने बताया कि यदि इस पॉलिसी को वापिस नहीं लिया गया तो वे आगामी 20 अगस्त को प्रदेश भर में सभी अधीक्षण अभियंता कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन करेंगे तथा ज्ञापन सौंपेंगे। इस मौके पर यूडीसी निशा, एलडीसी नीतू, एएलएम नीरज, राजकुमार, लक्ष्मीनारायण, श्रीभगवान, जयवीर, अंकुर जेई, भूरा, सुनील, हंसराज, पवन, कृष्ण, देवेंद्र जेई, केशव, संदीप, कपिल, नरेश, जितेंद्र, पवन, जगदीश, अजय, प्रदीप, संजीत, श्याम सुंदर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। बिजली निगम कार्यालय में धरनारत कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ कर्मियों ने किया प्रदर्शन

बहादुरगढ़। ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को यूनिट स्तर पर बिजली कर्मचारियों ने मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के विरोध में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता के माध्यम से हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन एसडीई राहुल वर्मा को सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान उमेश कुमार ने की, जबकि मंच संचालन यूनिट सचिव राकेश कुमार ने किया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि ऑनलाइन तबादला नीति से कर्मचारियों को न सिर्फ पारिवारिक और सामाजिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, बल्कि इससे कार्यक्षमता तथा बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। राज्य उप प्रधान बंसीलाल, राज्य कमेटी सदस्य रवींद्र दलाल और एसकेएस के ब्लॉक प्रधान बिजेंद्र सैनी ने आशंका जताई कि तकनीकी कर्मचारियों के बार-बार स्थानांतरण से एक्सीडेंट रेशो बढ़ सकता है। यूनिट सचिव राकेश कुमार ने बताया कि ट्रांसफर नीति से न केवल बच्चों की पढ़ाई बाधित होगी, बल्कि बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल भी प्रभावित होगी। पुरानी पेंशन बहाली, समान काम-समान वेतन, और स्थाई भर्तियों की मांग भी जोर-शोर से उठाई गई। प्रदर्शन में जोगेंद्र, जेई प्रदीप, ऋषि प्रकाश, सोनू, मधु, निशा, दीपिका, कांता, अंकुर, ललित, भगत, तेजपाल, हरीश, मनोज, कुलवंत, दशरथ, सीनू आदि शामिल रहे।



बहादुरगढ़। नारेबाजी करते प्रदर्शनकारी बिजली कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

बहादुरगढ़। स्कूल स्टॉफ के साथ विजेता फुटबॉल खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

## फुटबॉल में जीती जीडी गोयनका की टीम

बहादुरगढ़। एचएल सिटी में स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल ने बादली में हुई ब्लॉक स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत विद्यालय की खेल संस्कृति और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है। फाइनल मुकाबले में जीडी गोयनका की टीम ने बादली के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल को 1-0 के स्कोर से हराया। इसके साथ ही स्कूल के 6 खिलाड़ी राज्यस्तरीय टीम के लिए भी नामित हुए। खिलाड़ियों की मेहनत और कोचिंग स्टाफ के मार्गदर्शन के फलस्वरूप जीडी गोयनका की टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। स्कूल प्रधानाचार्या ने विजेता टीम को बधाई देते हुए भविष्य में इसी तरह के प्रदर्शन की कामना की। शैलजा जून ने कहा कि स्कूल के छात्रों ने खेल कौशल दिखाया, अनुशासन और टीम भावना का भी परिचय दिया। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी वह अग्रणी है।



बहादुरगढ़। ग्रामीणों को 20 अगस्त का निमंत्रण देते भूपेंद्र राठी। फोटो: हरिभूमि

## 20 को बहादुरगढ़ आएंगे अभय चौटाला

बहादुरगढ़। इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला बुधवार 20 अगस्त को बहादुरगढ़ में कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे। भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने इसे लेकर मंगलवार को जनसंपर्क शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि अभय चौटाला 20 अगस्त को सुबह 10 बजे नजफगढ़ रोड स्थित राठी फार्म हाउस में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। जिला शहरी अध्यक्ष रामनिवास सैनी ने बताया कि चौटाला 25 सितंबर को रोहतक में आयोजित होने वाली सम्मान दिवस महारैली का न्योता देंगे।



बहादुरगढ़। सदस्यों के साथ एचएसईबी वर्कर यूनियन के नए पदाधिकारी।

## जयदेव प्रधान तो महेश बने सब यूनिट सचिव

बहादुरगढ़। एचएसईबी वर्कर यूनियन की बहादुरगढ़ यूनिट के अंतर्गत सब अर्बन सब यूनिट के त्रिवार्षिक चुनाव मंगलवार को संपन्न हो गए। सर्वसम्मति से तमाम पदाधिकारियों का चुनाव कर लिया गया। चुनाव अधिकारी यूनिट प्रधान बिजेंद्र फोगाट व सचिव बलवंत यादव रहे। जबकि सर्कल सचिव कृष्ण यादव ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। सर्वसम्मति से एलएम जयदेव सैनी को प्रधान चुन लिया गया, जबकि एसए रिंकू को उपप्रधान की जिम्मेदारी मिली। इसी तरह एएलएम महेश को सचिव, एसए महेश को खजांची और एएलएम सोनू को सह सचिव बनाया गया है। एएलएम राजीव दलाल को संगठनकर्ता का पदभार मिला है। इन नए पदाधिकारियों ने सभी वरिष्ठ साथियों का आभार जताया। साथ ही अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाने का भरोसा दिलाया।



बेरी। राजकीय स्कूलों के भवनों का निरीक्षण करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो: हरिभूमि

# एसडीएम ने किया राजकीय स्कूलों का निरीक्षण

बेरी। मंगलवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने गांव डीघल, बहराणा व छोछी के राजकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने स्कूल भवनों की स्थिति,स्कूलों में उपलब्ध स्टाफ व अन्य जरूरी सेवाओं से जुड़ी जानकारी बीईओ से ली। उन्होंने स्कूल की साईंस लैब में मौजूद सुविधाएं, कक्षाओं में अच्छा शैक्षणिक माहौल और छोछी स्कूल में मिड डे मील चैक किया। उन्होंने स्कूल परिसरों में पौधारोपण के साथ ही सफाई व्यवस्था पर बल दिया। विद्यालयों में शौचालयों का निरीक्षण करते हुए नियमित साफ -सफाई के निर्देश दिए।

# अधिकार की बजाय उदाहरण प्रस्तुत करें छात्र परिषद के सदस्य : डॉ. महिपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

संस्कारम स्कूल खातीवास में मंगलवार को वर्ष 2025-26 के लिए छात्र परिषद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्यातिथि को सलामी दी।

समारोह में विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया जिसमें विद्यालय के चारों सदनों करेज, होनेस्ट, रिस्पेक्ट व ट्रस्ट से उनके कैप्टन, वाइस कैप्टन व प्रिफेक्ट नियुक्त किए गए। नव नियुक्त सदस्यों को पदभार ग्रहण कराते हुए उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के प्रतीक स्वरूप उन्हें बैज व सैशे पहनाकर सम्मानित किया गया। लड़कों में कक्षा 12वीं से रक्षित व मनु तथा लड़कियों में कक्षा 12वीं से गरिमा व हिमांशी को स्कूल कैप्टन बनाया गया। जिन्होंने वचन और कर्म से विद्यालय के मूल्यों और दर्शन को बनाए रखने का संकल्प लिया। बारहवीं कक्षा के आर्यन को स्पोर्ट्स हेड बॉय तथा ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा रिया को स्पोर्ट्स हेड गर्ल चुना गया।



झज्जर। समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए चेयरमैन डॉक्टर महिपाल।

मयंक को कल्चरल हेड बॉय तथा रौनक को कल्चरल हेड गर्ल नियुक्त किया गया। इसी प्रकार यश को डिसिप्लिन हेड बॉय तथा भव्या को डिसिप्लिन हेड गर्ल चुना गया। शुभम आर्ट एंड क्राफ्ट हेड बॉय व मानसी आर्ट एंड क्राफ्ट हेड गर्ल चुनी गई। इसके अलावा विभिन्न शिविरों में आयोजित प्रतियोगिताओं में पन्द्रह मेडल जीतने वाले एनसीसी कैडेट्स को भी सम्मानित किया गया। चेयरमैन डॉक्टर महिपाल यादव ने अपने भाषण में परिषद को अधिकार की बजाय उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया।





झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित योगासन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी।

## योगासन स्पर्धा में प्रसादगिरी गुरुकुलम के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

झज्जर। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित पांचवीं जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में प्रसाद गिरी गुरुकुलम के बच्चों ने 16 मेडल जीत कर संस्थान का नाम रोशन किया है। योगाचार्य रामनिवासी व योग शिक्षक हर्ष ने बताया कि मंदिर के महंत परमानंद गिरि महाराज के सानिध्य में पिछले कई वर्षों से योग कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता परिणामों में ट्रेडिशनल इवेंट के दस से चौदह आयु वर्ग में भूमिका प्रथम व स्मृति तृतीय रही जबकि लड़कों की इसी स्पर्धा में आशीष ने पहला स्थान प्राप्त किया। लड़कों के 14 से 18 आयु वर्ग में विकास व लड़कियों के 18 व 28 आयु वर्ग में तनु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार इवेंट फारवड बेंडिंग में जागृति, देवांश, खुशी और विकास ने पहला, हर्ष ने दूसरा व लव ने तीसरा स्थान हासिल किया। बैक बेंड इंडिविजुअल में भूमिका, आशीष प्रथम जबकि स्मृति व हिमांशु द्वितीय रहे। ट्विटिंग बॉडी इंडिविजुअल में जैसमिन व तनु ने अपने-अपने आयु वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। महंत परमानंद गिरी महाराज ने इस उपलब्धि पर सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## योगासन के दो इवेंट में प्रथम रही वैष्णावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय के बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा वैष्णवी ने पांचवीं जिला योगासन प्रतियोगिता में दो इवेंट्स में प्रथम स्थान हासिल किया। बेरी में हुई इस प्रतियोगिता में वैष्णवी हैंड स्टैंड इवेंट और बैक बेंडिंग इवेंट में प्रथम रही। महाविद्यालय में वैष्णवी का स्वागत किया गया। प्राचार्य दलबीर सिंह, उप प्राचार्या सुमन हुड्डा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. अमित छिकारा, डॉ विकास शौकीन, राजीव अग्रवाल और डॉ विकास यादव आदि ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





बहादुरगढ़। वैष्णवी को बधाई देते प्राचार्य दलबीर सिंह व अमित छिकारा।

### चालकों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

बहादुरगढ़। झज्जर पुलिस द्वारा आईडीटीआर सेंटर में हेवी लाइसेंस बनवाने के लिए आए युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव बताए गए। निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि नशा एक भयंकर बीमारी है। इससे इंसान को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान होता है। सड़कों पर दुर्घटनाओं भी यह एक बड़ी वजह है। इसलिए नशा न करें। अपने माता-पिता की मान मर्यादा का ख्याल रखें। अगर कोई आपका साथी रिश्तेदार नशा करता है तो उसको भी समझाएं और उनका भी नशा छुड़वाने में सहयोग करें। आईडीटीआर के सीनियर इंस्ट्रेक्टर प्रदीप शर्मा, अवतार सिंह सिंधु, जयपाल आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। मंगलवार को सेक्टर-6 में पौधे लगाते गौरव राठी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## सेक्टर-6 में किया पौधरोपण

बहादुरगढ़। आओ लगाए पेड़ अभियान के तहत मंगलवार को सेक्टर-6 में पौधारोपण किया गया। एडवोकेट गौरव राठी के सहयोग से अलग-अलग स्थानों स्थानों पर एक दर्जन से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखरेख का संकल्प लिया गया। कृष्ण गुप्ता, राहुल राठी, मोना, रूपाक्षी शर्मा, मणि शर्मा, मनीषा सहरावत, विपिन बंसल, प्रीति, सोनिया गुप्ता, धीरज गर्ग, राहुल गुप्ता, वैशाली गुप्ता, उज्जवल शास्त्री, पूनम और राजेश ने पौधारोपण में सहयोग दिया।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना विस्तार से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज. झज्जर

डीसी एवं जिला स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना विस्तार से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए माह के प्रत्येक दूसरे व चौथे बुधवार को अपराह्न दोपहर तीन बजे से सायं चार बजे तक नियमित जनसुनवाई आयोजित करने के लिए जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है।

उन्होंने बताया कि कमेटी में एडीसी को कमेटी का अध्यक्ष, संबंधित एसडीएम को सदस्य, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को सदस्य सचिव, एक्सईएन पंचायती राज और संबंधित बीडीपीओ को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

## बेसहारा पशुओं की समस्या के समाधान को लेकर डीसी ने गोशाला प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

झज्जर। सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं की समस्या के समाधान को लेकर मंगलवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर परिषद, पशुपालन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। डीसी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों को कैटल फ्री बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा गो सेवा आयोग द्वारा अनुदान भी दिया जा रहा है जिसका लाभ लेते हुए गौवंश को गोशालाओं में शिफ्ट किया जाए।

## नवागंतुक छात्राओं को सुविधाओं व संसाधनों से करवाया परिचित

# गर्ल्स कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए मंगलवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या अलका गुलाटी की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में नवागंतुक छात्राओं को महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, सहशैक्षणिक गतिविधियों, संसाधनों, अनुशासन प्रणाली व सुरक्षा तंत्र से परिचित करवाया गया।

कार्यक्रम का संयोजन एवं समन्वयन डॉ. सुदेश राठी के नेतृत्व ने किया। उन्होंने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें महाविद्यालय की कार्यप्रणाली से परिचित कराया। पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, समय-सारणी आदि विषयों पर संगीता द्वारा जानकारी प्रदान की गई। डॉ. शिल्पा ने मंच संचालन के साथ-साथ ईडब्ल्यूवाईएल योजना, फीडबैक प्रणाली तथा अभिभावक-शिक्षक संवाद के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. सीमा द्वारा रेड रिबन क्लब, युवा रेड क्रॉस तथा सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी गई।

डॉ. सुनीता छिल्लर ने महिला प्रकोष्ठ की भूमिका, छात्राओं के अधिकार, आत्मरक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर संवाद किया। रविंद्र ने एनएसओ, कानूनी साक्षरता, प्लेसमेंट सेल तथा लेक्चर शॉर्टेज प्रणाली के बारे में बताया। डॉ. आशिमा ने एनएसएस की गतिविधियों और समाज में योगदान देने के अवसरों को रेखांकित किया।

डॉ. शीतल ने पुस्तकालय सेवाएं व कॉलेज वेबसाइट के उपयोग की जानकारी दी। रमेंद्र ने छात्राओं को बस पास, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, रेलवे रियायत पास तथा खेल सुविधाओं से अवगत कराया। कई छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित हुईं। प्रिंसिपल अलका गुलाटी ने सभी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कॉलेज में आत्मविश्वास से सीखने और निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया।



बहादुरगढ़। छात्राओं को कॉलेज के बारे में बताती प्रिंसिपल अलका गुलाटी। फोटो: हरिभूमि

Happy Birth Day



दियान मलिक
को जन्मदिन पर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं